www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती
RNI No. : DELHIN/2016/70240
आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र
3 प्रभारी मंत्री ने ली जिला अधिकारियों की बैठक...
4 विधायक की अगुवाई में फिर से दो निर्दलीय...

वर्षः 9 | अंकः 121 | दिल्ली, सोमवार, 24 फरवरी 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

**संक्षिप्त समाचार**

### भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरी जीत हासिल की

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5वां मुकाबला



दुबई के स्टेडियम में खेला गया। जिसे भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 49.4 ओवर में 241 रन बनाए। जिसके जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट पर 244 रन बनाए। इस जीत के साथ भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय हो गया है। वहीं पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया है। भारत के लिए विराट कोहली ने 111 गेंद पर नाबाद 100 रन बनाए। वहीं आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की पॉइंट्स टेबल में भारत टॉप पर पहुंच गई है। साथ ही इस जीत से भारत ने पाकिस्तान से 2017 का बदला भी ले लिया है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरी जीत हासिल की है। पाकिस्तान ने भी इस टूर्नामेंट में भारत से तीन मैच जीते हैं। वहीं मुकाबले की बात करें तो, पाकिस्तान टीम टॉस जीतने के बाद 49.4 ओवर में 241 पर ढेर हो गई। पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 62 रन की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 77 गेंदों में 46 रन बनाए, जिसमें चौके शामिल हैं। उन्होंने शकील के साथ तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की। बाबर आजम ने 25 गेंदों में 23 रन बटोरे।

## प्रधानमंत्री ने बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की रखी आधारशिला

# हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम, ये एक ओर पूजन और साधन के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैंः मोदी

**संजना भारती/पीआईबी**

**मध्य प्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वे इतने कम समय में दूसरी बार बुंदेलखंड आए हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक केंद्र बागेश्वर धाम जल्द ही आरोग्य केंद्र भी बनेगा। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान 10 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा और पहले चरण में 100 बिस्तरों की सुविधा तैयार होगी। उन्होंने इस नेक काम के लिए धीरेन्द्र शास्त्री को बधाई दी और बुंदेलखंड के लोगों को शुभकामनाएं दीं।




प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल राजनीतिक नेताओं का एक वर्ग धर्म का उपहास उड़ा रहा है और लोगों को बांटने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार देश और धर्म को कमजोर करने के लिए विदेशी संस्थाओं से भी ऐसे लोगों को समर्थन मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू धर्म से घृणा करने वाले लोग विभिन्न रूपों में लंबे समय से मौजूद हैं। प्रधानमंत्री ने हमारी मान्यताओं, परंपराओं और मंदिरों पर लगातार हो रहे हमलों को उजागर करते हुए कहा कि ये तत्व हमारे संतों, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते हैं। वे हमारे त्योहारों, रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों को निशाना बनाते हैं और यहां तक कि हमारे धर्म और संस्कृति की स्वाभाविक प्रगतिशील प्रकृति को बदनाम करने का दुस्साहस करते हैं। श्री मोदी ने हमारे समाज को बांटने और इसकी एकता को तोड़ने के उनके एजेंडे के बारे में बताया।

इस संदर्भ में उन्होंने श्री धीरेन्द्र शास्त्री के प्रयासों को उजागर किया, जो लंबे समय से देश में एकता के मंत्र के बारे में जागरूकता बढ़ा रहे हैं। श्री मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि श्री धीरेन्द्र शास्त्री ने कैंसर संस्थान की स्थापना के रूप में समाज और मानवता के कल्याण के लिए एक और संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप बागेश्वर धाम में अब भक्ति, पोषण और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम, ये एक ओर पूजन और साधन के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने ही हमें आयुर्वेद का विज्ञान दिया, हमारे ऋषियों ने ही हमें योग का वो विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है।

अपने संबोधन के समापन पर प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों के अथक प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बुंदेलखंड समृद्धि और विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा और सभी को शुभकामनाएं दीं।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई छगनभाई पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## आतिशी चुनी गईं दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष

**(एजेन्सी)।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को रविवार को यहां आम आदमी पार्टी 'आप' के विधायकों की बैठक में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुना गया। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पार्टी के 22 विधायक-जिनमें कालकाजी से विधायक आतिशी भी शामिल हैं- बैठक में शामिल हुए। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा जो तीन दिन का होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने कहा है कि पिछली आप सरकार के कामकाज के खिलाफ लंबित कैग रिपोर्ट सदन में पेश की जाएगी। भाजपा ने पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में 70 में से 48 सीट जीतकर आप को दिल्ली की सत्ता से बाहर कर दिया। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के कई शीर्ष नेता भी चुनाव हार गए।





दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। यह बैठक उनके कार्यभार संभालने के बाद हुई है। (छायाः संजना भारती)



दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। (छायाः संजना भारती)

# पूरे हरियाणा में विकास की विचारधारा के साथ करवाएं जा रहे हैं कार्यः सीएम सैनी

## ■ नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद वासियों से किया सीधा संवाद



फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जन समूह को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। (छायाः एसबी)

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे हरियाणा में विकास की विचारधारा के साथ कार्य करवाएं जा रहे हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिले, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से सरकार सार्थक कदम बढ़ा रही है। आमजन के हितों की अनदेखी न हो इस पर सरकार का पूरा फोकस है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को फरीदाबाद में अपने दौरे के दौरान आमजन से सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीर सपूतों को नमन भी किया। उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि रेल, सडक के साथ ही मेट्रो कनेक्टिविटी के साथ आने वाले दिनों में बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो का विस्तार करके क्षेत्र को सौगात देने का कार्य भी वर्तमान सरकार द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा की भावना से सरकार कार्य कर रही है और लोगों को उनके घर द्वार पर सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। बिना किसी भेदभाव के समान विकास कराने का लक्ष्य लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जन सुविधा के लिए सरकार ने उपमंडल से लेकर जिला स्तर के कार्यालयों में समाधान शिविरो का आयोजन कर हर वर्ग से जुड़ी समस्याओं का निदान प्रत्येक कार्य दिवस पर सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कार्य कर रही है। आज लोगों को अपने कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े, इसके लिए सभी जरूरी सेवाएं ऑनलाइन की जा रही है। इससे पूरी पारदर्शिता के साथ कम समय में आमजन के कार्य हो रहे हैं। पूरे हरियाणा में आवागमन सुविधा को बेहतर बनाया गया है और मजबूत सडक सुरक्षा तंत्र के साथ सडकों का जाल बिछाकर परिवहन को सुगम बनाया गया है। वहीं गरीब और जरूरतमंदों के लिए परिवहन विभाग की हैप्पी कार्ड योजना काफी लाभकारी सिद्ध हो रही है।

वहीं खेलों में भी हरियाणा का डंका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बज रहा है। प्रदेश के खिलाड़ी विश्व स्तर की स्पधाओं में मेडल हासिल करके देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं की भागीदारी आवश्यकः राज्यपाल




**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** अंबुजा फाउंडेशन के तत्वावधान में चिड़ावा के भोमपुरा गांव में रविवार को झुंझुनू में लखपति सखी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक विकास से ही देश आर्थिक रूप से मजबूत बन सकता है। राज्यपाल बागड़े ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'अब महिलाओं के विमान उड़ाने का समय आ गया है। यदि वे ठान लें, तो कोई कार्य उनके लिए असंभव नहीं है।' उन्होंने महिलाओं से अपने बच्चों को शिक्षित करने, कौशल विकास करने और डेयरी व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

श्री बागड़े ने विश्वास जताया कि आज की लखपति दीदी आने वाले समय में करोड़पति दीदी बनेगी। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र और चेक वितरित किए गए।

## राज्यपाल ने बालिकाओं को सम्मानित किया

**एसबी संवाददाता/जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को झुंझुनूं के डूंडलोद गर्ल्स स्कूल के वार्षिक समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया। उन्होंने बालिकाओं को खूब पढ़ने और आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक कला प्रस्तुतियां दी।



# सरकार बनते ही एक्शन में आए संगम विहार से विधायक चंदन

## ■ बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण का किया उद्घाटन



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार के गठन के तुरंत बाद से ही संगम विहार से विधायक चंदन चौधरी एक्शन में आ गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्रिमंडल की शपथ के बाद से ही विधायक चन्दन चौधरी ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की सूची बनाकर युद्धस्तर पर काम शुरू कर दिया है।

विधायक ने बहुप्रतीक्षित ओखला रोड से रविदास मार्ग तक के रोड के निर्माण कार्य का उद्घाटन कर दिया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता संजय सिंह और जूनियर इंजीनियर सुदीप सिंह की उपस्थिति में सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, महामंत्री विक्रम वेद, आरडब्लूए के मुकेश लोहिया, सुनील शर्मा, दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा की निवेदिता तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के डॉक्टर दानिश कमाल, मंडल महिला मोर्चा की सौम्य पांडे, निर्मला देवी, राजवती और युवा मोर्चा के रवि गिरी आदि ने विधायक चंदन चौधरी के नेतृत्व में संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक चंदन चौधरी ने कहा कि संगम विहार को दिल्ली की बेहतरीन विधानसभा बनाना ही उनका लक्ष्य है। इसके साथ ही अपने क्षेत्र की जनता की हर एक जरूरत के लिए चौबीस घंटे उनके दरवाजे खुले रहेंगे।

# 38वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला हुआ संपन्न

## ■ विश्व पटल पर हरियाणा को नई पहचान दे रहा है सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेलाः मनोहर लाल

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि लाखों लोगों की रिकार्ड भीड़ और कलाकारों के समागम की दृष्टि से सूरजकुंड मेले को शिल्प और कला का महाकुंभ कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यह मेला केवल सामान बेचने का माध्यम नहीं है, बल्कि यहां हरियाणा के साथ-साथ देश और दुनिया की समृद्ध संस्कृति, खानपान और परिधान देखने को मिलते हैं। यहां आकर हमें मिनी भारत के दर्शन होते हैं। सूरजकुंड शिल्प मेला देश की शान और हरियाणा की पहचान बन चुका है।

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने 38वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में 28 वें सूरजकुंड मेले से वे लगातार इस शानदार आयोजन में शरीक



होते रहे हैं। 11वीं बार वे इस मेले में आए हैं। वर्ष 2015 में पहली बार सूरजकुंड मेले को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करते हुए 20 देशों ने इसमें भागीदारी की थी। अब उनकी संख्या 44 हो चुकी है। सूरजकुंड शिल्प मेला और कुरूक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह हरियाणा को इंटरनेशनल लेवल पर गौरवान्वित कर रहे हैं।

हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि सूरजकुंड का शिल्प मेला प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश

### ■ विकसित भारत की संकल्पना में मील का पत्थर साबित हो रहा सूरजकुंड शिल्प मेला-अरविंद कुमार शर्मा

को विकसित बनाने का जो संकल्प लिया है, उस कड़ी में यह अंतरराष्ट्रीय मेला मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस अंतरराष्ट्रीय मेले को विहंगम स्वरूप देकर इस सफलता के मार्ग को प्रशस्त करने का काम किया है। विगत वर्ष मेले में 13 लाख पर्यटक आए थे और वर्ष 2025 में पर्यटकों की संख्या 18 लाख पहुंच गई है।

इस मेले की छटा सुंदरता और आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। विभिन्न देशों की संस्कृति और हरियाणा की विरासत का यह मेला अनूठा संगम है। यहां 1200 स्टॉल लगाए गए, जिनका आवंटन पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन सिस्टम से किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने आंध्र प्रदेश की डी. शिवम्मा, गुजरात के मगन भाई, श्रीलंका ईएडब्ल्यू पुष्पकुमारा, आर्मेनिया की अर्मेन खासतियान तथा जिम्बाब्वे के टेंबा मलंगा को कला रत्न पुरस्कार प्रदान सम्मानित किया। पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव एवं मेला प्रबंधन की वाइस चेयरमैन कला रामचंद्रन ने अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। इस अवसर कोरियोग्राफर संजय शर्मा द्वारा तैयार किए गए एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर आधारित मनोहारी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसमें पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक भारत के राज्यों की लोक संस्कृति को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया गया।

# '100-100 वर्ग गज के प्लॉट देने के बजाए 30-30 वर्ग गज के प्लॉट पर आ गई सरकार'

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एक अप्रैल 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की शुरूआत की। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2022 तक उन लोगों को पक्का घर मुहैया कराना था, जिनके सिर पर छत नहीं है या जो झुग्गी-झोपड़ी में जीवन जीने को मजबूर हैं, पर सरकार की यह योजना भी पानी पी गई। हरियाणा में कांग्रेस राज में गरीबों को सौ-सौ वर्ग गज के प्लाट मुफ्त प्रदान किए गए थे पर आज भाजपा सरकार 100-100 गज के प्लाट देना तो दूर 30-30 और 50-50 वर्ग गज के प्लाट वो भी कलेक्टर रेट पर दे रही है। भाजपा को जनता से किया गया अपना एक एक वायदा पूरा करना चाहिए।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पहले चरण में एक करोड़ दस लाख मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया था पर



सरकार 34 लाख ही मकान बना पाई। कुमारी सैलजा ने कहा कि देश के गरीब लोगों को पक्का घर मुहैया कराने के उद्देश्य से 1996 में इंदिरा आवास योजना के नाम से एक स्कीम शुरू की गई थी, जिसके तहत गरीब परिवारों को सौ सौ वर्ग गज के प्लॉट मुफ्त करवाए गए थे, इतना ही नहीं गांवों में सरकार ने आवंटियों को कब्जे भी दिलाए थे, मकान बनाने के लिए धन तक उपलब्ध करवाया गया था पर इसके बाद आई भाजपा की सरकार ने इस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया। 2016 में सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की शुरूआत की। वर्ष 2022 तक उन लोगों को पक्का घर मुहैया कराना था, जिनके सिर पर छत नहीं है। या जो झुग्गी-झोपड़ी में जीवन जीने को मजबूर हैं। पर गरीबों को आज भी घर नहीं मिला।

## सम्पादकीय

### भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति

**भ्रष्टाचार** के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए उन्होंने संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग का ध्यान रखकर नीतियां बनायी। परिणाम सबके सामने है। साय सरकार के 14 महीने की अल्पावधि में ही चहुंओर सांय-सांय काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए। नतीजतन, हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। विधानसभा, लोकसभा के बाद अब नगरीय निकायों के चुनाव में भारी सफलता ने विष्णु देव के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। निश्चय ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से अब छत्तीसगढ़ में विकास की गति तेज होगी। दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है। वैसे तो पंच से लेकर सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनने तक का उनका राजनीतिक सफर उपलब्धियों भरा है। लेकिन, बीते 14 महीने में मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा बनाई गई जनहितैषी नीतियों से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। विष्णुदेव साय किसान पुत्र हैं। वे किसानों के दुख-दर्द को भलीभांति जानते और समझते हैं। अन्नदाता किसानों की चिंता करते हुए विष्णु देव साय ने सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों का दो साल का बकाया बोनस दिया। 3100 रुपए प्रति क्वंटिल की दर से 21 क्वंटिल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी सुनिश्चित की। इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आयी है। किसान अब धान की खेती से धनवान बनने की ओर अग्रसर हैं। कोई भी नागरिक खुले आसमान के नीचे नहीं सोएगा, सबका खुद का आशियाना होगा, इसकी चिंता करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख से अधिक जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मुख्यमंत्री बनते ही दी। यह उनकी संवेदनशीलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी तरह माता-बहनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है। हर महीने करीब 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधा एक हजार रुपए जमा होने से उनके जीवन स्तर में बहुत कुछ बदलाव आया है। माताएं-बहनें आत्मनिर्भर हो रहीं हैं। युवाओं का विश्वास सरकारी व्यवस्था पर से उठने लगा था। पूर्ववर्ती सरकार में पीएससी में हुए बड़े पैमाने पर घोटाले की वजह से युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। युवा, किसी भी देश-राज्य के भविष्य की रीढ़ हैं। पीएससी परीक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन और पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं आयोजित होने से युवाओं का भरोसा जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति को लोकव्यापी और सुगम बनाकर इन्वेस्टर को आकर्षित करने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं। विकासशील छत्तीसगढ़ में उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में साय सरकार की नई औद्योगिक नीति निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगी। धर्म-कर्म-अध्यात्म, सनातन की रीढ़ हैं। चाहे राजिम कुंभ कल्प को पुर्नप्रतिष्ठित करने की बात हो, या प्रयागराज महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन बनाकर श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराने की बात अथवा श्रीराम लला अयोध्या धाम दर्शन योजना से प्रदेश के 20 हजार से अधिक नागरिकों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने की बात हो, विष्णु देव ने देवतुल्य जनता का बखूबी ख्याल रखा है।

## जयंती

### जयललिता



जन्म: 24 फरवरी, 1948, मैसूर; मृत्यु-5 दिसम्बर, 2016, चेन्नई) तमिलनाडु की मुख्यमंत्री एवं ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (ए.आइ.ए.डी.एम.के.) पार्टी की प्रसिद्ध नेता थीं। वे तमिल फिल्मों की अभिनेत्री भी रही थीं। जीवन के हर संघर्ष को मुंहतोड़ जवाब दे कर ही 'अम्मा' यानी जयललिता नारी शक्ति का प्राय: बन गई थीं। इनके पिता का नाम जयराम वेदवल्ली था तथा माता वेदावती थीं। जयललिता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चर्च पार्क कॉन्वेंट स्कूल और बिशप कॉटन गर्ल्स स्कूल में पाई। उन्होंने उच्च शिक्षा चेन्नई के चर्च पार्क प्रेजेंटेशन कान्वेंट और स्टेला मारिस कॉलेज से प्राप्त की थी। महज 2 साल की उम्र में ही जयललिता के पिता जयराम, उन्हें माँ के साथ अकेला छोड़ चल बसे थे। इसके बाद शुरू हुआ गरीबी और अभाव का वह दौर, जिसने जयललिता को इतना मजबूत बना दिया कि वे विषम परिस्थितियों में भी खुद को सहज बनाए रखने में पूरी तरह से सफल रहीं। जयललिता ने सिर्फ.15 साल की उम्र में परिवार को चलाने के लिए फि ल्मों का रुख कर लिया।

## पुण्यतिथि

### श्रीदेवी



जन्म-13 अगस्त, 1963, तमिलनाडु; मृत्यु-24 फरवरी, 2018, दुबई) भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक थीं। वह सिनेमा की दुनिया में श्रीदेवी के नाम से प्रख्यात रहीं। श्रीदेवी ने हिंदी फिल्मों के अलावा तमिल, मलयालम, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने अपने सिने कॅरियर की शुरूआत 1979 में फिल्म 'सोलवां सावन' से की थी, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में सही पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म के बाद वह हिंदी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्रियों में शुमार हो गयीं। उन्हें तीन बार फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था। 2013 में श्रीदेवी को भारत सरकार की ओर से पद्मश्री सम्मान से भी नवाजा गया। श्रीदेवी भारतीय सिनेमा की जानी मानी हस्तियों में शामिल हैं। अपनी फिल्मों में अपने बेहतरीन डांस और अदाओं से दर्शकों के दिलोदिमाग पर जादू कर देने वाली इस अदकारा ने 'मवाली', 'तोहफा', 'मिस्टर इंडिया', 'हिम्मतवाला', 'खुदा गवाह', 'चालबाज', 'नगीना' और 'लम्हे' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया।

## कल मिलेंगे

**रवि**-आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं... क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं.

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

-रमेश सर्राफ धमोरा

**देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है**

**देश** में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।

हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठी होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। आगे भी सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# शिवरात्रि और नटराज: जब अस्तित्व तांडव करता है

-सचिन सिंह परिहार

**शिव का तांडव केवल सृजन और संहार नहीं, बल्कि अनुग्रह (कृपा) का भी प्रतीक है। जब हम इस नृत्य को समझ लेते हैं, तो जीवन में समर्पण का भाव आ जाता है। तांडव हमें सिखाता है कि जीवन का हर परिवर्तन, हर हलचल, हर चुनौती सब कुछ एक लय में है। यदि हम इस लय के साथ बहना सीख लें, तो स्वयं शिवत्व को पा सकते हैं**

**यह** पूरा ब्रह्मांड एक सतत नृत्य है। हर कण, हर ग्रह, हर गैलेक्सी लगातार नृत्य कर रही है। हमारे भीतर की ऊर्जा भी निरंतर गति में है। यह गति, यह कंपन, यह लयबद्धता ही शिव का तांडव है। यह कोई संयोग नहीं कि शिव को 'आदियोगी' कहा गया है। यह कोई संयोग नहीं कि उन्हें 'नटराज' कहा गया है। और यह भी कोई संयोग नहीं कि महाशिवरात्रि की रात उनके जागरण की रात मानी जाती है।

जब ब्रह्मांड में पहला कंपन हुआ, जब शून्य में पहली गूंज उठी, जब ऊर्जा ने गति पाई तभी तांडव प्रकट हुआ। यही नृत्य सृजन का कारण बना, यही नृत्य संहार का आधार बना, और यही नृत्य शिवत्व की पहचान बना। शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं है, यह एक जीवंत संभावना है एक ऐसी रात, जब अस्तित्व हमें आमंत्रित करता है कि हम अपनी सीमाओं को तोड़ें, अपने भीतर के नृत्य को खोजें, और स्वयं को शिवमय कर लें।

यह पूरा ब्रह्मांड एक सतत नृत्य है। हर कण, हर ग्रह, हर गैलेक्सी लगातार नृत्य कर रही है। हमारे भीतर की ऊर्जा भी निरंतर गति में है। यह गति, यह कंपन, यह लयबद्धता ही शिव का तांडव है। लेकिन यह केवल संहार का नृत्य नहीं, बल्कि सृजन, परिवर्तन और परम चेतना की ओर एक यात्रा है।

शिव कोई व्यक्ति नहीं हैं। वे कोई ऐतिहासिक पात्र नहीं हैं। वे केवल एक देवता नहीं, वे स्वयं अस्तित्व का सार हैं। शिव अनंत हैं, वे शाश्वत हैं। यदि हम अपने भीतर झाँक सकें, यदि अपनी सीमाओं से परे जा सकें, यदि जीवन के कंपन को महसूस कर सकें, तो हम पाएँगे कि शिव हमारे ही भीतर हैं। वे कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारी चेतना में समाहित हैं।

हमने नटराज की मूर्ति देखी है शिव का वह रूप जिसमें वे एक संतुलित मुद्रा में तांडव कर रहे हैं। लेकिन यह नृत्य केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि सम्पूर्ण अस्तित्व का प्रतिबिंब है। इस नृत्य में सृजन छिपा है, संहार छिपा है, मोक्ष छिपा है। जब शिव डमरू बजाते हैं, तो यह सृष्टि की उत्पत्ति का कंपन है। जब वे अग्नि उठाते हैं, तो यह संहार नहीं, बल्कि एक नए जन्म की तैयारी है।

जब वे अपस्मार (अहंकार और अज्ञानता) को पैरों तले दबाते हैं, तो यह मुक्ति की राह दिखाता है। जब उनका एक पैर हवा में उठता है,तो यह दशार्ता है कि जो इस नृत्य को समझ ले, वह स्वयं भी मुक्त हो सकता है। शिव का तांडव केवल विनाश का नृत्य नहीं, बल्कि जीवन का मूल सिद्धांत है। यह वही नृत्य है जो हमारे भीतर भी हर क्षण, हर पल हो रहा है। महाशिवरात्रि कोई साधारण रात नहीं होती। यह वह रात है जब पृथ्वी और चंद्रमा की स्थिति कुछ ऐसी होती है कि हमारे शरीर की ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर उठती है।

योगशास्त्र के अनुसार, इस रात में यदि शरीर को सीधा रखा जाए, तो ऊर्जा सहज रूप से सहस्त्रार (सर्वोच्च चक्र) की ओर बढ़ती है। यही कारण है कि ऋषियों और योगियों ने इसे जागरण की रात कहा। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारे भीतर की ऊर्जा को जागृत करने का एक अवसर है। यदि हम सच में सजग हों, यदि इस रात को सही तरीके से उपयोग कर सकें, तो यह रात हमारे भीतर एक अद्भुत परिवर्तन ला सकती है। यह रात एक संभावना है। यह रात एक साधना है। यह रात एक गति है, जो हमें हमारी सीमाओं से परे ले जा सकती है। यदि हम केवल कर्मकांड में उलझे रहेंगे, तो यह अवसर खो देंगे। लेकिन यदि इसे समझकर अनुभव कर सकें, तो यह रात जीवन की सबसे महत्वपूर्ण रात बन सकती है। यह केवल धार्मिक बात नहीं है,बल्कि विज्ञान भी इसे स्वीकार करता है। स्विट्जरलैंड स्थित ष्टश्वक्रह प्रयोगशाला जहाँ ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजने का कार्य हो रहा है वहाँ भगवान नटराज की एक विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड की संरचना शिव के तांडव से मिलती जुलती है। क्वांटम फिजिक्स कहती है कि ब्रह्मांड में सब कुछ निरंतर गति में है हर कण, हर ऊर्जा, हर चेतना। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, यह केवल रूप बदलती है। यही तो शिव का तांडव है सृजन, संहार और पुनर्निर्माण।

शिव का तांडव केवल सृजन और संहार नहीं, बल्कि अनुग्रह (कृपा) का भी प्रतीक है। जब हम इस नृत्य को समझ लेते हैं, तो जीवन में समर्पण का भाव आ जाता है। तांडव हमें सिखाता है कि जीवन का हर परिवर्तन, हर हलचल, हर चुनौती सब कुछ एक लय में है। यदि हम इस लय के साथ बहना सीख लें, तो स्वयं शिवत्व को पा सकते हैं। महाशिवरात्रि का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है यह रात हमें शिवत्व को अनुभव करने का अवसर देती है। केवल मंदिर जाकर कुछ रीतियाँ निभाने की आवश्यकता नहीं। केवल शिव के नाम का जाप करने से कुछ नहीं होगा।

सबसे जरूरी है इस रात को पूरी सजगता के साथ जीना। अपनी ऊर्जा को भीतर की ओर मोड़ें। अपनी सीमाओं से परे जाने का प्रयास करें। अपने भीतर के शिव को खोजें। अगर हम ऐसा कर सके, तो हमें अनुभव होगा कि शिव केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि एक जीवंत वास्तविकता हैं। वे हर जगह हैं, हर कण में हैं, और सबसे अधिक, हमारे भीतर हैं।

शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, यह जीवन का उत्सव है।शिव केवल संहारक नहीं, वे पुनर्जन्म के बीज भी हैं। शिव केवल एक विचार नहीं, वे एक अनंत संभावना हैं। इस शिवरात्रि, शिव को केवल बाहर मत खोजिए। शिव को अपने भीतर अनुभव कीजिए।शिव को अपनी चेतना में जगाइए।और जब यह अनुभव हो जाएगा, तो यह सत्य प्रकट होगा।

'शिव ही शाश्वत हैं, शिव ही अनंत हैं।'

'नमः शिवाय!'

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

(एजेन्सी)।

**श्रीलंका।** श्रीलंकाई अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में रविवार को 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं जब्त कर लीं। नौसेना ने यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में एक विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया, मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

नौसेना ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं को तलाईमन्नार पियर लाया गया, जहां उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

बयान के अनुसार, नौसेना ने इस वर्ष अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली 18 नौकाओं को जब्त किया है। मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच एक विवादास्पद मुद्दा रहा है।

श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य क्षेत्र में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया है।

# सेना आगामी वर्ष तक शरणार्थी शिविरों में बनी रहेगी: इजराइल के रक्षा मंत्री

(एजेन्सी)।

**तेल अवीव।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि उन्होंने सेना को निर्देश दिया है कि वह आगामी वर्ष तक वेस्ट बैंक के कुछ शहरी शरणार्थी शिविरों में बने रहने के लिए तैयार रहे। काट्ज ने कहा कि उत्तरी पश्चिमी तट के तीन शिविरों से लगभग 40,000 फलस्तीनी विस्थापित हो गए हैं और अब ये खाली हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सेना को शिविरों में लंबे समय तक रहने के लिए तैयार रहना है और निवासियों को वापस लौटने की अनुमति नहीं देनी है।

काट्ज ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब इजराइल फलस्तीनी क्षेत्र में आक्रमण तेज कर रहा है और गाजा युद्ध को रोकने वाला संघर्षव विराम अब भी कायम है।

सेना ने रविवार को कहा कि वह वेस्ट बैंक के अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी तेज कर रही है और आतंकवादियों के गढ़ जेनिन में टैंक भेज रही है। संघर्ष विराम समझौते के दो दिन बाद 21 जनवरी को इजराइल ने उत्तरी वेस्ट बैंक पर आक्रमण शुरू किया था। इजराइल-हमास युद्ध के दौरान वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है।

बृहस्पतिवार देर रात इजराइल में तीन खाली बसों में विस्फोट हुए, जिसे पुलिस एक संदिग्ध आतंकवादी हमला मान रही है।

# कोहली और रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने देना चाहिये: सरफराज

(एजेन्सी)।

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिये। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद कप्तान रोहित और अनुभवी बल्लेबाज कोहली के भविष्य पर सवाल उठने लगे। इन श्रृंखलाओं में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। सरफराज ने यहां पत्रकारों से कहा, लोगों को विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात भी नहीं करनी चाहिए। भारत के लिए उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

उन्होंने कहा, विराट कोहली ने भारत के लिए मुश्किल मैच जीते हैं और मैंने उन मैचों को देखा है। आप कल्पना नहीं कर सकते कि उन्होंने भारत के लिए किस तरह का प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने कहा, रोहित शर्मा के लिए भी यही बात लागू होती है। जिस तरह से वह टीम का नेतृत्व कर रहे हैं वह शानदार है। उन्होंने 2023 (वनडे) विश्व कप में टीम का बेहतरीन तरीके से नेतृत्व किया और इसके बाद टी 20 विश्व कप जीता। सरफराज ने कहा कि विराट और रोहित सही समय आने पर क्रिकेट को अलविदा कह देंगे, लेकिन तब तक भारत को अपनी टीमें उनके आसपास बनानी चाहिए।

सरफराज ने कहा, उन्हें खेलने दें और उन्हें तय करने दें कि वे क्या करना चाहते हैं। आपको उनके आसपास ही अपनी टीम बनानी चाहिए। जिस तरह से उन्होंने टी 20 अंतरराष्ट्रीय को अलविदा कहा उसी तरह से वे अन्य प्रारूपों में भी करेंगे। आपको उन्हें हटाकर टीम नहीं बनानी चाहिए, आपको उन्हें शामिल करके टीम बनानी चाहिए। सरफराज ने कहा कि पाकिस्तान को भी इसी तरह बाबर आजम को केंद्र में रखकर टीम तैयार करनी चाहिए। पूर्व कप्तान बाबर भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में हालांकि महज 23 रन पर आउट हो गए।

उन्होंने कहा, बाबर आजम एक अलग खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि उन्हें (पाकिस्तान) टीम को इस तरह से तैयार करना चाहिए कि बाबर आजम भारत के लिए विराट कोहली की तरह पूरे 50 ओवर खेल सकें। वह शुरूआत में समय लेते हैं और फिर खेल को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, उनका (बाबर का) लक्ष्यकिसी पर क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए पूरे 50 ओवर तक खेलने का होना चाहिये। उनके साथ मौजूद दूसरे बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का जिम्मा उठाना चाहिये।

# अदार जैन ने अलेखा आडवाणी के साथ रचाई शादी

(एजेन्सी)।

**रीमा** जैन के बेटे और बॉलीवुड स्टार करीना कपूर के चचेरे भाई अदार जैन ने 21 फरवरी को मुंबई में एक भव्य समारोह में अपनी लंबे समय से प्रेमिका अलेखा आडवाणी के साथ विवाह किया। इस विवाह में कपूर परिवार के कई सदस्य और उद्योग जगत की हस्तियाँ शामिल हुईं। यह एक शानदार समारोह था जिसमें पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के तत्व शामिल थे। उनके भव्य समारोह के बाद, नवविवाहित जोड़े का एक दिल को छू लेने वाला वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें दोनों के बीच के कोमल पल कैद हुए हैं। वीडियो में अदार जैन अलेखा को माथे पर चूमते और उन पर स्नेह बरसाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस जोड़े ने इस साल की शुरूआत में गोवा में समुद्र तट पर एक समारोह में विवाह किया था, इस बार पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए मुंबई में दूसरी बार हिंदू विवाह किया। अदार और अलेखा की केमिस्ट्री निर्विवाद थी, क्योंकि उन्होंने कई रोमांटिक तस्वीरें खिंचवाईं, जो तब से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। प्रशंसकों ने जोड़े के साथ बिताए प्यारे पलों को लेकर अपनी खुशी साझा की है, जिससे यह वीडियो इस सप्ताह की सबसे चर्चित क्लिप में से एक बन गया है।

शादी के लिए, अदार जैन ने जटिल कढ़ाई के साथ एक सुंदर क्रीम रंग की शेरवानी पहनी थी, जिसे मैचिंग साफा (पगड़ी) और हरे रंग के पेंडेंट नेकलेस के साथ जोड़ा गया था। अलेखा आडवाणी सुनहरे कढ़ाई से सजे लाल लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, उन्होंने अपने लुक को पारंपरिक आभूषणों से पूरा किया, जिसमें एक शानदार हार, झुमके और लाल चुनरी (घूंघट) शामिल थे। दुल्हन ने एक विवाहित महिला के रूप में अपनी नई यात्रा का प्रतीक लाल चूड़ा (दुल्हन की चूड़ियाँ) भी पहनी थी।

# वैश्विक रुख, एफआईआई की गतिविधियों, शुल्क के मोर्चे पर खबरों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी। बाजार का मूड काफी हद तक निराशाजनक है।

कंपनियों के नतीजों में उल्लेखनीय सुधार और वैश्विक स्तर पर तरलता की बेहतर स्थिति तथा मुद्रा में स्थिरता से ही इसमें बदलाव आ सकता है।

# रोहित शर्मा ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

**(एजेन्सी)। पाकिस्तान** के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे लीग मैच में भारतीय कप्तान और ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपनी पारी के दौरान एक बड़ा और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 241 रन बनाते हुए भारत को जीत के लिए 242 रन का टारगेट दिया। रोहित शर्मा ने वनडे फॉर्मेट में बतौर ओपनर बल्लेबाज 9000 रन 181 पारियों में पूरे किए जबकि इससे पहले सचिन तेंदुलकर ने ये कमाल 197 पारियों में किया था। अब रोहित शर्मा ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है और वो पहले नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर सौरव गांगुली हैं जिन्होंने ऐसा 231 पारियों में किया था जबकि क्रिस गेल ने 246 इनिंग में 9 हजार रन बतौर ओपनर पूरे किए थे। रोहित शर्मा वनडे प्रारूप में 9000 रन बनाने वाले दुनिया के छठे बल्लेबाज बने। वनडे में इससे पहले बतौर ओपनर 9000 रन बनाने वाले बल्लेबाज तेंदुलकर, जयसूर्या, क्रिस गेल, गिलक्रिस्ट, गांगुली थे। बतौर ओपनर वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तेंदुलकर के नाम पर दर्ज है तो वहीं इस लिस्ट में रोहित छठे नंबर पर हैं।

# जीत के क्रम को इंग्लैंड के खिलाफ दोहराने उतरेगी भारतीय पुरूष हॉकी टीम

**(एजेन्सी)।** आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। टूनामेंट में औसत शुरूआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4.1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नये सत्र में आशातीत शुरूआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3.1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2.0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4.1 से हराया।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'मन की बात' कार्यक्रम में हुईं शामिल



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नारायणा विहार में मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुईं। उनके साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। (छाया: संजना भारती)

# प्रभारी मंत्री ने ली जिला अधिकारियों की बैठक



**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री जसवंत सिंह बिश्नोई ने जैसलमेर जिले से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशानुरूप बजट घोषणाओं का त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो ऐसे प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कार्य में गति लाने एवं शीघ्रता से तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए जन कल्याणकारी योजनाओं का कुशल संचालन हो, जिससे पात्र व्यक्ति को योजनान्तर्गत त्वरित लाभ मिल सके।

प्रभारी मंत्री श्री बिश्नोई की अध्यक्षता में रविवार को जैसलमेर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही, बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए समस्त विभागीय अधिकारी गंभीरता से कार्य करें।

श्री बिश्नोई ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की अब तक की विभिन्न विभागों की प्रगति की जानकारी ली एवं इन्हें अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के संबंध में भूमि आवंटन, उपलब्धता एवं चिन्हीकरण की स्थिति पर विस्तृत चर्चा करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के साथ यथा शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। पोकरण विधायक महंत श्री प्रताप पुरी ने कहा कि बजट घोषणाओं में पोकरण विधानसभा क्षेत्र के लिए जो घोषणाएं की है उनसे क्षेत्र के वाशिंदों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही, नहर क्षेत्र में नवीनीकरण एवं आधुनिकरण के कार्य होने से किसानों को बेहतर सिंचाई का लाभ मिलेगा।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया जल जांच प्रयोगशाला का उद्घाटन

## नगर पंचायत वासी करा सकेंगे पेयजल की जांच

**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** नगर पंचायत अकबरनगर में रविवार को पहली बार मिनी जल जांच प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। यह पहल नगर पंचायत अकबरनगर और वॉटरएड इंडिया के सहयोग से की गई है। जिसके तहत अब यहां के निवासी अपने पानी की गुणवत्ता की जांच करा सकेंगे। इस प्रयोगशाला का उद्घाटन रविवार को नगर पंचायत अकबरनगर अध्यक्ष किरण देवी द्वारा किया गया।



इस मौके पर उपाध्यक्ष अनिल कुमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजीत कुमार, वार्ड पार्षद और वॉटरएड इंडिया की टीम उपस्थित रही। यह प्रयोगशाला पानी की गुणवत्ता की निगरानी करने में मदद करेगी और नागरिकों को सुरक्षित पेयजल मुहैया कराने में मदद करेगी। इसके साथ ही शिकायत निवारण केंद्र की शुरूआत भी नगर पंचायत में वाटर एड के सहयोग से किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत अकबरनगर के अध्यक्ष किरण देवी ने किया। इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है। जिस पर लोग शिकायत कर सकते हैं।

पानी आपूर्ति, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए लोग 07971549010 टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। इस पहल से स्थानीय लोगों को बेहतर जल गुणवत्ता और स्वच्छता सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

नगर पंचायत अकबरनगर ने इस कदम को अकबरनगर इलाकों में जल और स्वच्छता की स्थिति को बेहतर बनाने के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# रोजाना एक घंटा मैदान में रहने वाला हमेशा रहता है स्वस्थ-बंडारू दत्तात्रेय

## राज्यपाल ने विजेता टीम हिम्स हॉक्स को ट्राफी देकर किया सम्मानित



**संजना भारती संवाददाता**

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जो व्यक्ति रोजाना एक घंटा मैदान में रहता है, उसे कभी बीमारी नहीं आती है। प्रदेश के हर स्कूल में भी एक घंटा खेल होना चाहिए। इससे स्वास्थ्य बना रहेगा। स्वास्थ्य बना रहने के साथ आत्म विष्वास में भी वृद्धि होगी।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में यूटी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में हिम्स हॉक्स टीम ने वाइल्डवुड वॉरियर्स को हराकर टाइटल जीता। विजेता टीम को राज्यपाल ने ट्राफी देखकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब खिलाड़ी शिवम बामरी को मिला। फाइनल मुकाबले के बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट गेंदबाज राहुल सिंह रहे और देवांश कौशिक को बेस्ट बल्लेबाज का खिताब मिला।

श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी दक्षता, शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया है। मेरी कामना रहेगी कि आप सभी जीवन में ऊंची उपलब्धियां हासिल करें। उन्होंने कहा कि आज महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की जयंती है। उन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों को समाज से दूर करने में अपना योगदान दिया। मैं उन्हें नमन करता हूं और आप सभी से उनके द्वारा दिए गए संदेशों को जीवन में अपनाने का आग्रह करता हूं।

राज्यपाल ने बताया कि जुलाई 2019 में बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त करने के बाद व 35 वर्षों के अथक प्रयासों के बाद, यूटी क्रिकेट एसोसिएशन ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यूटीसीए के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने बीसीसीआई टूर्नामेंटों में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने बताया कि यूटीसीए सालाना 60 से अधिक बीसीसीआई-स्वीकृत मैचों की मेजबानी करता है, जिसमें प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी खेल शामिल हैं।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता, यूटी क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष संजय टंडन, सचिव देविंदर शर्मा, क्रिकेट टूर्नामेंट चेयरमैन डा. रूपेश सिंह, पूर्व क्रिकेटर अशोक मल्होत्रा, रंजीता मेहता, अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, जिला खेल अधिकारी नीलकमल, नायब तहसीलदार हरदेव सिंह, अमरजीत कुमार, सुदीप रावत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और खिलाड़ी मौजूद रहे।

# पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर का ग्रामीण क्षेत्र दौरा



**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री तथा जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को जोधपुर की पंचायत समिति लूणी के ग्राम गुडा विश्नोइयाँ का औचक निरीक्षण किया और ग्राम्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने पूरे गाँव का भ्रमण किया और विभिन्न क्षेत्रों में लोक सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली।

श्री दिलावर निरीक्षण के दौरान ने विभिन्न गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी के ढेर को देख कर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गणपत लाल सुथार को निर्देश दिए कि ग्राम की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं।

इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राप्त धनराशि का सही उपयोग सुनिश्चित करने और सफाई कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ग्राम विकास अधिकारी से वसूली किए जाने के निर्देश भी दिए। जनसमस्याओं को सुना, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश-शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएँ सुनीं। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि पीने के पानी की उपलब्धता, सड़कों की मरम्मत एवं नाली सफाई कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए, साथ ही यह अच्छी तरह सुनिश्चित किया जाए कि गाँव में सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे।

**ग्रामीणों ने किया स्वागत, विकास कार्यों में सुधार का आग्रह**-निरीक्षण के दौरान गाँव के गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मंत्री श्री दिलावर का स्वागत किया तथा गाँव में विकास कार्यों में गति लाने का आग्रह किया। प्रभारी मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दे रही है और शीघ्र ही लम्बित कार्यों को पूरा किया जाएगा।

# श्रीरामपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

## उद्घाटन मैच में सनराइजर्स श्रीरामपुर ने किया जीत दर्ज

**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** आईपीएल के तर्ज पर आजाद क्रीड़ा मैदान श्रीरामपुर के तत्वाधान में खेले जा रहे श्रीरामपुर प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण का रविवार को आगाज हो गया। उद्घाटन मैच सनराइजर्स श्रीरामपुर बनाम श्रीरामपुर नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। सनराइजर्स श्रीरामपुर की टीम ने 10 रन से जीत दर्ज किया। इससे पहले श्रीरामपुर प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण का विधिवत उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी, उपाध्यक्ष अनिल यादव, वार्ड पार्षद निशु प्रिया सहित अन्य अतिथि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। खेले गए उद्घाटन मैच सनराइजर्स श्रीरामपुर बनाम श्रीरामपुर नाइट राइडर्स के बीच आयोजित किया गया। जिसमें सनराइजर्स श्रीरामपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के में का फैसला लिया।



सनराइजर्स श्रीरामपुर की टीम ने 11.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 129 रन बनाए। नाइट राइडर्स के मोहित ने तीन ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीरामपुर नाइट राइडर्स की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 119 रन ही बना पाई।सनराइजर्स श्रीरामपुर की टीम ने 10 रनों से जीत दर्ज कर लिया।

सनराइजर्स श्रीरामपुर के टीम की ओर से अभिजीत ने 5 छक्के और एक चौकों की मदद से 12 गेंद में सर्वाधिक 36 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। खेल का शानदार प्रदर्शन करने के लिए सनराइजर्स श्रीरामपुर की टीम के अभिजीत को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका रूपेश कुमार एवं सोनू कॉमेंटेटर की भूमिका ऋतिक एवं गोलू तथा स्कोरर की भूमिका अभिषेक, आशीष ने निभाया।

आयोजक समिति ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा लीग मैच सोमवार को श्रीरामपुर सुपर किंग्स बनाम श्रीरामपुर वॉरियर्स के बीच दिन के 2:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में श्रीरामपुर क्रिकेट टीम के समस्त खिलाड़ी सहित युवा गण एक जुट होकर लगे हैं। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजीत कुमार, भूतपूर्व उप मुखिया रामप्रवेश यादव, सुरेंद्र, निरंजन, प्रीतम आशीष सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जल संसाधन मंत्री और जिला प्रभारी ने किया शहरी विकास कार्यों का निरीक्षण

**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने रविवार को भरतपुर जिले में चल रहे शहरी विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने अटल काया कल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) के तहत निर्मित सेवर कुंडा लगभग 2 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने भरतपुर साइनबोर्ड की साइज बडी करने के निर्देश दिए।



प्रभारी मंत्री श्री रावत ने आरयूडीआईपी द्वारा 7.5 करोड़ रुपए की लागत से बृजेन्द्र बिहारी कुण्डा सेवर किए जा रहे कार्यों में कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बृजेन्द्र बिहारी कुण्डा सेवर में आमजन की सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगवाने और गार्ड व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बृजेन्द्र बिहारी कुण्डा सेवर के निकट वैष्णो माता मन्दिर की सीडियां निर्माण करने एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए साथ ही आमजन के लिए पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा, आरयूआईडीपी के राजुल शर्मा, नगर निगम के लवकुश धाकड, जनप्रतिनिधि भगवानदास, बृजेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


## आवश्यक सूचना

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, '**संजना भारती**' को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**

**वाटसेप नम्बर: 9871221635**


# हामिद अली खान राजपूत और हाजी अकील बक्श ने गूंगे शाह के मजार पर चादर पोशी की

**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** जनपद बदायूँ के गाँव मिर्जापुर मिढ़ौली निवासी समाज सेवी दिल्ली में स्क्रब के व्यवसायी मृदुभाषी अकील बक्श के निवास पहुंचकर वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खान राजपूत व साथ में पत्रकार इंतजार ने मुलाकात की और उनके मकान पर पहुंचकर उनके बड़े भाई शकील बक्श एवं अकील बक्श को फूल मालायें पहनाकर स्वागत किया।



बताते चलें हाजी अकील बक्श भी पत्रकार के क्षेत्र से काफी दिनों जुड़े रहे। आज वह किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं गरीबो की मदद करना उनकी पहली प्राथमिकता है। मिढ़ौली से चलकर हजरत गूंगे शाह की दरगाह पर पहुँचकर वहाँ के सज्जादा नशीन अफराद उर्फ छोटे मियाँ से मुलाकत की और दरगाह पर हाजी अकील बक्श ने गूंगे शाह के मजार पर चादर पोशी करते हुए फूल एवं इत्र पेश किये। छोटे मियाँ ने जो लोग बीमार हाल हैं उनके लिए दुआ की और हिन्दुस्तान में अमन चैन की दुआ की। छोटे मियाँ ने हाजी अकील बक्श के गले में चादर डालकार उनकी सेहत के लिए दुआ की। हाजी जी ने वहाँ पर हो रहे कार्य फर्श इत्यादि की प्रंशसा की। यहाँ पर आने पर उनको सुकून की अनुभूति होती है, हाजी जी ने छोटे मियाँ को दिल्ली आने की दवात दी।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खान राजपूत, अब्दुल रहमान बक्श, पुत्तन अजमत, देवेन्द्र, अर्जुन दीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बजट घोषणाओं का त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें-जिला प्रभारी मंत्री

**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** ऊर्जा एवं टोंक जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर ने टोंक जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं के कामों में गति लाने के निर्देश दिए हैं और अधिकारियों से कहा कि इनके बेहतर क्रियान्वयन, समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं। साथ ही बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर शीघ्र धरातल पर लाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को इनका फायदा मिल सके।

जिला प्रभारी मंत्री ने रविवार को टोंक जिला परिषद सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2024 -25 की बजट घोषणाओं के अंतर्गत जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां, निविदा, कार्यदेश, कार्य के प्रारंभ व प्रगति की अपडेट स्थिति जानकारी ली। श्री नागर ने बजट घोषणा वर्ष 2025- 26 के संबंध में भूमि आवंटन, उपलब्धता, चिन्हिकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता से किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकता है और राज्य स्तर पर इसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने कहा कि बजट घोषणाओं से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी सरकार की मंशानुरूप कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव विभाग मुख्यालय भेजे जाने हैं वे तैयार कर जल्दी भिजवाएं, ताकि प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां समय पर मिल सकें।




प्रभारी सचिव ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति शीघ्र हो, इसलिए जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। साथ ही, बजट घोषणाओं के संबंध में भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर डॉ.सौम्या झा ने सभी अधिकारियों को बजट घोषणाओं क्रियान्वयन में निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपने स्तर पर भी संबंधित कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने प्रभारी मंत्री श्री नागर को आश्वस्त किया कि सभी अधिकारी दिए गए दिशा निदेर्शों की अक्षरशः पालना करते हुए बजट घोषणाओं की क्रियान्विति करना सुनिश्चत करेंगे।

# इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जंगल सफारी का प्रस्ताव लगभग तैयार: राव नरबीर सिंह

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के चलते आज बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरण सरंक्षण एक वैश्विक चिंता का विषय बनता जा रहा है। पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें प्रकृति व वन्य जीव सरंक्षण के प्रति संवेंदनशील होना होगा। अब तो निजी क्षेत्र के साथ-साथ कई नए युवा स्टार्टअप भी प्रकृति व वन्यजीव सरंक्षण में रूचि दिखा रहे हैं जो सरकारी प्रयासों के साथ-साथ एक सराहनीय पहल है।



यहाँ जारी एक वक्तव्य में राव नरबीर सिंह ने कहा कि आगामी 3 मार्च, 2025 को विश्व वन्यजीव दिवस पर हमें विलुप्त होती वन्यजीव प्रजातियों को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने "मन की बात" के 119वें एपिसोड में भी वन्यजीवों को बचाने की बात कही है। हरियाणा वन विभाग अरावली क्षेत्र में ईको सिस्टम को बढ़ावा देने व इसको सरंक्षित करने के प्रति गंभीरता से कार्य कर रहा है। अरावली क्षेत्र में जंगल सफारी व अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार की गई है। अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट का शुभारंभ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह यादव गत दिनों कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जंगल सफारी परियोजना पहले पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की जानी थी परंतु अब मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इसकी जिम्मेदारी वन एवं वन्य जीव विभाग को सौंपी है। विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं विभाग के अधिकारियों के साथ नागपुर (महाराष्ट्र) के गोरेवाड़ा वन्यजीव सफारी तथा जाम नगर, गुजरात के वनतारा परियोजना का दौरा कर चुके हैं। हमारा प्रयास है कि अरावली क्षेत्र में प्रस्तावित जंगल सफारी परियोजना का शुभारम्भ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से हो।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित चार राज्यों में 1.15 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि का सुधार बहु-राज्य सहयोग का एक अनुकरणीय मॉडल प्रदर्शित करना है। वनों की स्वदेशी प्रजातियों के साथ वनरोपण, जैव विविधता संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य में सुधार और भूजल पुनर्भरण को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना भी है।

# भाजपा में अपनी मेहनत की बदौलत कोई भी ऊंचे से ऊंचा पद कर सकता है प्राप्तः योगेन्द्र राणा

## विधायक योगेन्द्र राणा के प्रयासो से असंध हुआ भाजपा मय

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष एवं असंध विधायक योगेन्द्र राणा एवं करनाल विधायक जगमोहन आनंद के प्रयासों से जिस प्रकार करनाल कांग्रेस मुक्त हो गया है उसी प्रकार असंध हल्का भी विधायक योगेन्द्र राणा की अगुवाई में कांग्रेस मुक्त होता जा रहा है।

भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों में विश्वास जताते हुए विधायक योगेन्द्र राणा की अगुवाई में रेशम सिंह, प्रदीप सिंह बावा, त्रिलोक सिंह सरपंच, मालक सिंह, गुरसेवक सिंह निशोरिया, मेजर सिंह खैरा, तेजबीर सिंह चिमा, जसवंत सिंह निशोरिया, काला सिंह, सुक्खा सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने भाजपा ज्वाइन की। विधायक योगेन्द्र राणा ने भाजपा में शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओं की बदौलत आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा ही है, जिसमेंआखिरी छोर पर खड़े हुए व्यक्ति का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने पर आपको उचित मान सम्मान दिया जाएगा और मुझे उम्मीद है कि आप भाजपा की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता अपनी पार्टी के प्रति निष्ठा व अपनी मेहनत के बदौलत ऊंचे से ऊंचे पद को प्राप्त कर सकता है और मुझे उम्मीद है कि आप शीघ्र ही भाजपा की रीति नीति को समझते हुए अपनी मेहनत की बदौलत पार्टी में ऊंचे स्थान को प्राप्त करेंगे।


विधायक योगेंद्र राणा पटका पहनाकर लोगों को भाजपा ज्वाइन करवाते हुए। (छायाः एसबी)

## मुख्यालय से आई खनन विभाग की टीम ने रातभर की छापेमारी

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के खनन विभाग के महानिदेशक श्री केएम पाण्डुरंग के दिशा-निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल में राजस्थान से अवैध तरीके से पत्थर ढोते एक डंपर को पकड़ा और जुमार्ना राशि की वसूली की गई। खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला महेन्द्रगढ़ में पंचकूला मुख्यालय से आई उच्च अधिकारियों की टीम ने खनिज के अवैध खनन व उसके अवैध परिवहन को लेकर तीसरे दिन भी छापेमार कार्रवाई जारी रखी। प्रवक्ता ने बताया कि रातभर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रूप से पत्थर ढो रहे एक डंपर को पकड़ा जोकि राजस्थान से अवैध तरीके से पत्थर ला रहा था। अधिकारियों की टीम द्वारा दिनभर इस मामले में कार्रवाई करते हुए लगभग 4.22 लाख रुपए की वसूली की गई। उन्होंने सभी क्रेशर संचालकों को भी चेतावनी दी है कि अगर वे अवैध पत्थर की पिसाई करते मिलेंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विधायक की अगुवाई में फिर से दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने दिया भाजपा को समर्थन

## निर्दलीय उम्मीदवार सचिन पांचाल और अश्विनी कुमार ने दिया समर्थन

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद की अगुवाई में रविवार को फिर से दो निर्दलीय विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी के मेयर और पार्षद उम्मीदवारों को अपना समर्थन दे दिया। वार्ड -5 के निर्दलीय उम्मीदवार सचिन पांचाल और इसी वार्ड के निर्दलीय उम्मीदवार अश्विनी कुमार ने अपना समर्थन भाजपा की मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता और भाजपा पार्षद को दे दिया।




रविवार दोपहर सैक्टर-9 में स्थित भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में विधायक जगमोहन आनंद की अगुवाई में आजाद प्रत्याशी सचिन पांचाल जिनका चुनाव चिन्ह जीप था। इसी तरह आजाद पार्षद अश्विनी कुमार जिनका चुनाव चिन्ह उगता सूरज था, उन्होंने अपना समर्थन भाजपा की मेयर रेनू बाला गुप्ता और वार्ड -5 के भाजपा से पार्षद उम्मीदवार सुभाष चंद्र काम्बोज को दिया। इसके उपरांत करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित नजर आ रही है। जिस तरह से हर दिन निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा के उम्मीदवारों को समर्थन दे रहे हैं, इससे साफ पता चल रहा है कि भाजपा की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तेज गति से विकास हो रहा है। इन्हीं विकास कार्यों के रिपोर्ट कॉर्ड को लेकर भाजपा उम्मीदवार जनता के बीच जा रहे हैं, जनता का अपार स्नेह मिल रहा है। इस निकाय चुनाव में मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता और सभी वार्डों के भाजपा प्रत्याशी एकतरफा जीत दर्ज करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, पवन वालिया व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मनुष्य ही नहीं पक्षी भी धरती के सौन्दर्य का आनंद लेते हैंः यश जालुका

## अटल पार्क में हुआ बसंतोत्सव व बच्चों के लिये प्रतियोगिताओ का आयोजन

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा स्थानीय अटल पार्क में 21वें बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने रिबन काटकर व गुब्बारे हवा में छोडकर की।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बसंतोत्सव रंगों का त्यौहार है। यह बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में इस उत्सव के नाम भी अलग-अलग होते हैं। यह उत्सव प्रकृति प्रेमी को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके रंग पूरी धरती को रंग बिरंगा कर देते हैं। मनुष्य ही नहीं पक्षी भी धरती के इस सौन्दर्य का आनंद लेते हैं। उत्सव के धार्मिक पहलू भी है, जिनके अनुसार देश के अलग-अलग राज्य में मां सरस्वती की आराधना करते हुए इस उत्सव को ज्ञान व विद्या से भी जोड़ा गया है। उन्होंने लोगों से प्रकृति से प्रेम करने और अधिकाधिक पौधे लगाकर धरती का सौन्दर्य बनाए रखने की अपील की।



इस मौके पर अटल पार्क को फूलों से सज्जा देखकर हर कोई आकर्षित हो रहा था। चारों ओर फूलों की महक थी, रंग-बिरंगे फूल पार्क के सौन्दर्य को बढ़ा रहे थे। इस उत्सव में फूलों के रंगों के साथ-साथ कला और संस्कृति के रंग भी भरे गए। बच्चों ने पेंटिग, रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। नगाड़ा व बीन पार्टी, कच्ची घोड़ी, राजस्थानी नृत्य तथा गतका ने भी संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया। बहरूपिए के तौर पर उत्सव में शामिल लंगूर बंदर, मोटू-पतलू, जिन्न और रावण बच्चों के लिये आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चे इनके साथ सैल्फी लेने के लिए उत्सुक थे। बठिंडा की बाजीगर पार्टी ने हैरतंगेज करतब दिखाए।

इस मौके पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधीक्षक अभियंता अशोक राणा, कार्यकारी अभियंता डॉ. निधि भारद्वाज, धर्मबीर, एसडीओ कुलदीप, कमलदीप, दिनेश काम्बोज, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** नेहरू युवा केंद्र करनाल की ओर से रविवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कर्ण स्टेडियम में किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन आज महिला वर्ग में खो-खो, चार सौ मीटर दौड़ तथा लंबी कूद का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में 400 मी0 तथा लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

जिला युवा अधिकारी ने बताया कि प्रथम दिवस पर आयोजित खेलों में खो-खो में असंध की टीम प्रथम स्थान तथा बस्तली की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में आयोजित 400 मी0 तथा लंबी कूद में रितु मान ने प्रथम तथा रितिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में आयोजित 400 मी0 दौड़ में अनुज मलिक में प्रथम तथा हरमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, लंबी कूद में प्रथम स्थान काका ने व द्वितीय स्थान राजन ने प्राप्त किया।



# राजकीय विद्यालयों के लिए खंड स्तर पर मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का परिणाम हुआ घोषित

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का 2024-25 का परिणाम घोषित किया जा चुका है।

योजना का मुख्य उद्देश्य है हरियाणा सरकार, शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए किए गए प्रयासों के साथ-साथ विद्यालय में शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाओं की उचित व्यवस्था हेतु कृत संकल्प है। इन सभी प्रकार की सुविधाओं को भली भांति बनाए रखने तथा विद्यालय भवनों, प्रांगणों, शौचालयों इत्यादि को साफ सुथरा रखना, विद्यालय प्रांगण को सुसज्जित और स्वच्छ रखने का पवित्र कर्तव्य विद्यालयों के मुखिया का है। ऐसा करने से एक तो राजकीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे और साथ ही एक ऐसा वातावरण बन पाएगा जिसमें विद्यार्थी विद्यालयों में सहर्ष शिक्षा ग्रहण करेंगे तथा अपने आप को सहज एवं प्रफुल्लित पाएंगे। इसके साथ-साथ शिक्षकों को भी एक सजीव एवं स्वस्थ वातावरण मिलेगा।




**योजना की शुरूआतः** मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 15 अगस्त को स्कीम को प्रारंभ करने की घोषणा की थी। स्कीम के अंतर्गत प्रत्येक खंड, प्रत्येक जिला तथा राज्य स्तर पर प्रथम आने वाले प्रत्येक प्राथमिक माध्यमिक उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को पुरस्कृत किया जाता है जिसमें खंड स्तर पर, जिला स्तर पर तथा राज्य स्तर पर प्रथम आने वाले उपरोक्त चारों प्रकार के विद्यालय को पचास हजार से पांच लाख का पुरस्कार दिया जाता है।

स्कीम में चयन समितियां, खंड स्तर पर स्तर पर, उप मंडल अधिकारी नागरिक, जिला स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त तथा राज्य स्तर पर वित्त आयुक्त एवं प्रधान सचिव विद्यालय शिक्षा हरियाणा की अध्यक्षता में गठित की जाती है। इसमें सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र के माध्यम से शिक्षा विभाग हरियाणा ने इस स्कीम को प्रत्येक विद्यालय में क्रियान्वित करने के आदेश जारी किए हुए हैं।

इसके साथ-साथ विद्यालयों की इस स्कीम में खास तौर पर भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया जाता है। इस संदर्भ में किए गए प्रयास शिक्षा के गुणात्मक एवं सर्वांगीण विकास में एक विशेष भूमिका प्रदान करते हैं।

स्कीम में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार आगामी कार्रवाई अनुसार आरंभ करके सभी राजकीय विद्यालयों में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## स्कूल बस से डीजल चोरी करने के मामले में आरोपी काबू



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** पैट्रोल पंप पर खड़ी स्कूल बस से डीजल चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 कैथल पुलिस के एएसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी नारनौंद जिला हिसार निवासी रितेश व विक्रम को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गोबिंद गढ कुरुक्षेत्र निवासी नवल किशोर की शिकायत अनुसार वह कैम्ब्रिज वर्ड स्कूल पिहोवा में मैनेजर है। 16 फरवरी की रात जगदंबा फिलिंग स्टेशन पर खड़ी उनके स्कूल की एक बस से अज्ञात आरोपियों द्वारा करीब 60 लीटर डीजल चोरी कर लिया। जिस बारे थाना ढांड में मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपी रविवार को अदालत में पेश किए जाएंगे, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सुधारीकरण करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरन्तर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सुधारीकरण किया जा रहा है। यह कार्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों का आह्वान किया कि वे बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र के प्रति देशभक्ति के संस्कार देने वाली शिक्षा दें ताकि बच्चे बड़े होकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सके।



श्री कृष्ण बेदी ने नरवाना के मॉर्डन पब्लिक स्कूल ढ़ाकल में आयोजित वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि बच्चों में छोटी उम्र में जो संस्कार बन जाते हैं, वे जीवनपर्यन्त मनुष्य का साथ देते हैं, इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों में नैतिक मूल्यों की जानकारी दें।

उन्होंने कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित देश के जांबाज सैनिकों द्वारा विषम परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने पर दी गई प्रस्तुति की सराहना की और कहा कि एक सैनिक का जीवन हम सब के लिए अनुशासन की एक जीती जागती मिसाल है।


# राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर केवाईसी सुविधा से मतदाता देखें अपने उम्मीदवार की प्रोफाइल

## चुनाव आयोग ने तकनीक के युग में उठाए बड़े कदमः जिला निर्वाचन अधिकारी

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा राज्य के मतदाताओं की सुविधा के लिए विभिन्न सेवाएं शुरू की गई है। इनमें से एक है केवाईसी (नो योर कैंडिडेट)। जिसके जरिए मतदाता अपने निकाय क्षेत्र के उम्मीदवारों के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होता है। मतदाता को सशक्त बनाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने तकनीक के युग में बड़े कदम उठाए हैं। चुनाव में मतदाता अपने सभी उम्मीदवारों की प्रोफाइल को जान सकें, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) जैसी सुविधा की शुरूआत की है।


जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति।

उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट एसईसीहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन के होम पेज पर जाकर केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) म्युनिसिपल इलेक्शन 2025 सुविधा के माध्यम से कोई भी मतदाता प्रदेश में चल रहे स्थानीय निकाय चुनाव के संबंध में किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन में दर्ज की गई जानकारी को मोबाइल या लैपटॉप में देख सकते हैं। साथ ही नामांकन के समय दिए गए एफिडेविट को भी डाउनलोड कर सकते हैं।

# मिशन बुनियाद प्रदेश स्तरिय लेवल 2 परीक्षा का परिणाम हुआ घोषित

## हरियाणा सरकार की 'मिशन बुनियाद' व 'सुपर सौ' योजना सरकारी स्कूल विद्यार्थियों के स्वप्नों को कर रही साकारः बलबीर कश्यप

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** मिशन बुनियाद का प्रदेश स्तरीय स्कूल केडर कक्षा आठवीं के राजकीय विद्यालयों में पढ़ रहे हरियाणा के विद्यार्थियों का लेवल-2, सत्र 2024-25 का प्रतियोगी परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा और विकल्प फाउंडेशन की तरफ से मिशन बुनियाद लेवल 2 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें जिला कैथल का परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। इस परीक्षा को 363 विद्यार्थियों ने पास किया जिसमें 187 लड़कियां और 176 लड़के शामिल हैं। सौरभ पुत्र प्रदीप धीमान राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल क्योंड़क ने 86 अंक लेकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है।

वहीं पल्लवी पुत्री सुरेंद्र, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय भाना की छात्रा ने 80 नंबर लेकर जिले स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। कार्तिक पुत्र जय भगवान आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गयोंग ने 75 अंक लेकर, इसी प्रकार प्रिंस पुत्र सरवन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांड ने 75 अंक लेकर दोनों ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर टॉप 3 स्कूलों ने जिला स्तर पर उच्च स्थान हासिल किया है। 15 विद्यार्थियों के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाता प्रथम स्थान, आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ पंडवा 11 बच्चों के साथ दूसरा स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलबेहडा 10 विद्यार्थियों के साथ तीसरे स्थान और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना 9 विद्यार्थियों के साथ चौथे स्थान पर रहा है।


मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी।

ब्लॉक वाइज परीक्षा परिणाम में खंड गुहला चीका से 36 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा पास की जिसमें 14 लड़कियां और 22 लड़के शामिल है। कैथल ब्लॉक से 110 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा पास की जिसमें 53 लड़कियां और 57 लड़के शामिल है। कलायत ब्लॉक से 76 बच्चों ने यह परीक्षा पास की, जिसमें 38 लड़कियां और 38 लड़के शामिल है। पूंडरी ब्लॉक से 63 बच्चों ने यह परीक्षा पास की, जिसमें 34 लड़कियां और 29 लड़के शामिल है। राजौंद खंड से 43 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की, जिसमें 25 लड़कियां 18 लड़के शामिल हैं। सीवन ब्लॉक से 35 बच्चों ने परीक्षा पास की, जिसमें 23 लड़कियां और 12 लड़के शामिल हैं।

कैटिगरी वाइज परीक्षा परिणाम इस प्रकार है 110 बच्चे पिछड़ी जाति ए, 33 बच्चे पिछड़ी जाति बी, 86 जनरल कैटेगरी और 134 एससी कैटेगरी के विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। खंड राजौंद का परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। खंड राजौंद से कुल 43 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा पास की, जिसमें 25 लड़कियां और 18 लड़के शामिल है। कैटिगरी वाइज परीक्षा परिणाम पास करने वाले बच्चे 10 बैकवर्ड क्लास,17 जनरल केटेगरी से और 16 एससी कैटेगरी के बच्चों ने परीक्षा पास की है। पल्लवी सुपुत्री सुरेंद्र राजकीय उच्च विद्यालय भाना ने 80 नंबर लेकर जिला में दूसरा और खंड में पहला स्थान प्राप्त किया। अर्व बिढान पुत्र कुलदीप बिढान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना ने जिला स्तर पर पांचवा स्थान हासिल किया है। यह बता दे कि पिछली बार लेवल वन की परीक्षा में अर्व बिढान ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया था।

खंड राजौंद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना के नौ विद्यार्थियों, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटड़ा के पांच विद्यार्थियों, आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी के सात विद्यार्थियों, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान के चार विद्यार्थियों, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली के तीन विद्यार्थियों, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली के दो विद्यार्थियों, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगल के दो विद्यार्थियों, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा से एक, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद से दो, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल राजौंद से एक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरहदा से एक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगड़ा से एक, राजकीय उच्च विद्यालय किछाना से एक, राजकीय उच्च विद्यालय भाना से एक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय नीमवाला से एक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय मंडवाल से एक ने यह परीक्षा पास की है। बलबीर कश्यप कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने सभी उत्तीर्ण होनहार एवं मेधावी विद्यार्थियों, स्कूल मुखियाओं, स्टाफ मेम्बर्स, माता-पिता अभिभावकों, शिक्षा विभाग के सभी उच्च अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी कैथल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कैथल, मिशन बुनियाद और सुपर 100 के जिला नोडल अधिकारी अनिल तंवर, विकल्प फाउंडेशन के फाउंडर नवीन मिश्रा, मिशन बुनियाद से संदीप सेंसरवाल और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई दी और सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दी। सभी विद्यार्थियों को लेवल 3 की अन्तिम प्रतियोगी परीक्षा के लिए और अधिक मेहनत करने की सलाह दी। साथ ही साथ स्कूल स्कूल मुखिया व स्टाफ को इन विद्यार्थियों को और अधिक गहराई के साथ तैयारी करने की सलाह भी दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी विद्यार्थी लेवल 3 की परीक्षा में भी अपना बेस्ट देंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद में जाने का अवसर मिले और वहां जाकर सभी विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सके।


ब्लाक शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप।

विद्यार्थियों के साथ साथ माता पिता अभिभावकों को भी अपने बच्चों से काफी उम्मीद होती है कि हमारे बच्चे भी ऐसी प्रतियोगिताओं को सफलता पूर्वक पास करके अपने मुकाम को हासिल कर सकें। यह सभी माता पिता अभिभावकों का सपना भी रहता है कि उनके होनहार और काबिल बच्चे आगे चलकर अपने जीवन में कुछ अच्छा करे। ताकि उनका भविष्य निर्माण और अधिक अच्छा हो।

मिशन बुनियाद डायरेक्टर प्रदीप सेंसरवाल ने बताया कि हरियाणा के सरकारी स्कूल के आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी लेवल तीन परिक्षा पास करके हरियाणा में खंड स्तर पर चिंहित विद्यालयों में "मिशन बुनियाद" के तहत विशेष शिक्षा निःशुल्क गृहण करेंगे। इन विद्यालयों में विद्यार्थी कक्षा नौवीं व दसवीं की पढ़ाई के साथ-साथ "सुपर सौ" प्रतियोगी परिक्षा की ओनलाइन व आफ लाइन निःशुल्क कोचिंग लेंगे।

"सुपर सौ" में विद्यार्थी कक्षा दसवीं व ग्यारहवीं, मैडिकल या नान मेडिकल के साथ-साथ नीट, जेई, एमबीबीएस प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी करेंगे। हरियाणा के सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए विद्यार्थी देश के नामी-गिरामी आईआईटी, एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। जहां से वह राष्ट्र सेवा व देश सेवा की राह पर अग्रसर हो रहे हैं। इसका श्रेय हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग, विकल्प फाउंडेशन, सुपर सौ एवं मिशन बुनियाद को जाता है।

हरियाणा सरकार को इस प्रकार की ओर योजनाएं हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए लेकर आनी चाहिए। जिससे सरकारी स्कूल के विद्यार्थी राष्ट्र एवं देश सेवा के मार्ग पर चलते हुए अपने गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार के सपनों को साकार कर सके।

# शहर के सभी वार्डो में करवाएं जाएंगे समान रूप से विकास कार्यः सोनिया बोहत

## कांग्रेस प्रत्याशी को मिल रहा शहर की जनता का भरपूर समर्थन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाना पहली प्राथमिकता है। चुनाव जीतने के बाद शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जाएगें।

उपरोक्त विचार असंध नगरपालिका से चेयरमैन पद के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सोनिया बोहत ने रामनगर व दरबारा कॉलोनी में डोर टू डोर जाकर लोगों से वोट की अपील करते हुए कहे। एडवोकेट सोनिया बोहत ने बुजुर्गों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया और अपने पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि वह विकास के मामले किसी प्रकार की कोई कसर नही छोड़ेगी। कांग्रेस सिटी प्रधान जितेन्द्र चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी सोनिया बोहत शहर की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और सोनिया बोहत भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 2 मार्च को डमरू के सामने वाला बटन दबाकर सोनिया बोहत को भारी मतों से विजयी बनाए।


शहर की कॉलोनियों में डोर टू डोर जाकर लोगों से वोट की अपील करते कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सोनिया बोहत। (छायाः एसबी)

इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष जतिन बिंदल, मास्टर सोहन सिंह विर्क, सेवा सिंह सिंधड, कमलेश वाल्मीकि, गौरा विर्क सहित अन्य मौजूद रहे।